**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 365**
**दिनांक 22 जुलाई, 2025 / 31 आषाढ़, 1947 (शक) को उत्तर के लिए**

**वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम:**

**+365. श्री अबू ताहेर खान:**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) सरकार द्वारा पूर्वी सीमा पर स्थित गांवों के विकास के लिए शुरु किए गए वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम (वीवीपी) के उद्देश्य और मुख्य विशेषताएं क्या हैं;**

**(ख) वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत शुरू किए गए कार्यकलापों का ब्यौरा क्या है और इसके अंतर्गत लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र मुर्शिदाबाद के व्यापक विकास हेतु स्वीकृत गांवों का ब्यौरा क्या है; और**

**(ग) मुर्शिदाबाद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र और पश्चिम बंगाल की सीमा पर स्थित गांवों के लिए सरकार द्वारा आवंटित कुल धनराशि कितनी है और उक्त निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत चयनित गांवों के नाम क्या हैं?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री नित्यानंद राय)**

(क) से (ग) केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2028-29 के लिए 6,839 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, गुजरात, जम्मु-कश्मीर (यूटी), लद्दाख (यूटी), मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के, वीवीपी-। के तहत पहले से ही कवर की गई उत्तरी सीमा के अलावा, अंतरराष्ट्रीय भूमि सीमाओं से सटे प्रखंडो में स्थित चुनिंदा रणनीतिक गांवों का व्यापक विकास हेतु केंद्रीय क्षेत्र की योजना के रुप में जीवंत गांव कार्यक्रम-।। (वीवीपी-।।) को मंजूरी दी है।

कार्यक्रम का उद्देश्य समृद्ध और सुरक्षित सीमाओं को सुनिश्चित करने, सीमा पार अपराध को नियंत्रित करने और सीमावर्ती आबादी को राष्ट्र के साथ आत्मसात करने के लिए बेहतर जीवन स्थितियां और पर्याप्त आजीविका के अवसर पैदा करना है।

**लोक सभा अतारांकित प्रश्न. संख्या 365, दिनांक 22.07.2025**

कार्यक्रम के अंतर्गत हस्तक्षेप सीमा-विशिष्ट, राज्य और गाँव-विशिष्ट होंगे, जो पश्चिम बंगाल सरकार सहित सभी संबंधित राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासनों द्वारा एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण से तैयार की गई ग्राम कार्य योजनाओं पर आधारित होंगे।

***